**न्यायालय : विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो)–प्रथम/गैंगेस्टर अधिनियम, ज्ञानपुर–भदोही।**

उपस्थित : लोकेश कुमार मिश्रा (एच.जे.एस.)

**<u>जमानत प्रार्थना–पत्र संख्या–231/2026</u>**

<u>UPSN010007072026</u>

आलिम उर्फ नन्हका उम्र 23 वर्ष पुत्र वकील निवासी वार्ड नम्बर 13 बाजार सरदार खां भदोही, थाना भदोही जिला भदोही।

. ...........प्रार्थी/अभियुक्त।

**बनाम**

उत्तर प्रदेश राज्य

. ................अभियोजन पक्ष।

अपराध संख्या–517 सन् 2025

धारा– 3(1)उ०प्र० गैंगेस्टर एक्ट

<u>थाना–भदोही , जनपद –भदोही</u>

<u>दिनांक –12.03.2026</u>

प्रार्थी/अभियुक्त आलिम उर्फ नन्हका की ओर से यह जमानत प्रार्थनापत्र थाना–भदोही, जनपद भदोही, अपराध संख्या– 517 सन् 2025 अन्तर्गत धारा–3(1)उ०प्र० गैंगेस्टर एक्ट के मामले में जमानत हेतु प्रस्तुत किया गया है।

संक्षेप में प्रार्थी/अभियुक्त की ओर से अपने जमानत प्रार्थनापत्र में यह कथऩ किया गया है कि प्रार्थी/अभियुक्त का प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र है। प्रार्थी /अभियुकत ने किसी अन्य न्यायालय या माननीय उच्च न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया है और न ही विचाराधीन है। प्रार्थी/अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय में उपरोक्त मुकदमा अपराध संख्या व धारा में फर्जी झूठे तौर पर फंसाया गया है जो कि मनगढ़न्त है। प्रार्थी/अभियुक्त के विरुद्ध बसाजिश पुलिस द्वारा दुश्मनान के साजिश में आकर झूठे तौर पर गिरोहबन्द(गैंगेस्टर) एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के विरुद्ध पुलिस द्वारा मनमाने तौर पर गैंगचार्ट तैयार किया है, जिसकी कोई असलियत नहीं है। प्रार्थी/अभियुक्त न तो मोटरसाइकिल चोरी किया है, न तो मोबाइल की छिनैती किया है और न ही लूट का कोई अपराध कारित किया है और न ही अभ्यस्त अपराधी है। प्रार्थी/अभियुक्त भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत अध्याय 16 व 17 के अन्तर्गत कोई अपराध कारित नहीं किया है और न ही समाज विरोधी क्रियाकलाप में संलिप्त रहता है। प्रार्थी/अभियुक्त न किसी संगठित गैंग का सदस्य है और न ही किसी गैंग

